आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 30.12.2024 समय : 0705

<><><><><><><>

- नेताजी सुभाष चन्द्र बोस द्वारा द्वीपसमूह में प्रथम ध्वजारोहण की आज इक्यासीवीं वर्षगांठ है।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत के संविधान की सराहना करते हुए कहा—यह राष्ट्र का मार्गदर्शक है, जो समय की हर कसौटी पर खरा उतरा है।
- प्रधानमंत्री ने लोगों से अगले महीने प्रयागराज में महाकुंभ में भाग लेते समय एकता की भावना को अपनाने का आग्रह किया।
- प्रधानमंत्री ने भारत में मलेरिया के मामलों और मौतों में अस्सी प्रतिशत कमी की विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट पर संतोष व्यक्त किया।
- मछुआरा महिला समुदायों के बीच उद्यमिता के विकास और द्वीपसमूह में समुद्री खाद्य के मूल्य संवर्धन और विपणन को बढ़ावा देने के लिए कमरे आवंटित किए गए हैं।

<><><><><><><>

तीस दिसम्बर उन्नीस सौ तैंतालीस में नेताजी सुभाष चन्द्र बोस द्वारा आज ही के दिन श्री विजयपुरम में प्रथम ध्वजारोहण कर द्वीपसमूह को आज़ाद घोषित किया था। नेताजी द्वारा प्रथम ध्वजारोहण की इक्यासीवीं वर्षगांठ मनाने के उपलक्ष्य में आज ज़िला प्रशासन द्वारा अंडमान क्लब में सुबह आठ बजे कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि संविधान हमारे लिए मार्गदर्शक है और यह बड़े गर्व की बात है कि भारतीय संविधान के अगले वर्ष छब्बीस जनवरी को पचहत्तर वर्ष पूरे हो रहे हैं। आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में राष्ट्र को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि संविधान समय की हर कसौटी पर खरा उतरा है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष संविधान दिवस के अवसर पर कई गतिविधियां शुरू हुई हैं जो पूरे वर्ष चलती रहेंगी। श्री मोदी ने कहा कि संविधान की विरासत से नागरिकों को जोड़ने के लिए www.constitution75.com के नाम से एक विशेष वेबसाइट बनाई गई है। उन्होंने श्रोताओं, बच्चों और युवाओं से इस वेबसाइट को देखने का अनुरोध किया।

श्री मोदी ने कहा कि अगले वर्ष तेरह जनवरी से प्रयागराज में महाकुंभ होने जा रहा है और इसके लिए संगम तट पर जोर–शोर से तैयारियां चल रही हैं। प्रधानमंत्री ने इस बात पर गर्व व्यक्त किया कि महाकुंभ की विशेषता केवल इसकी विशालता में नहीं है, बल्कि इसकी विविधता में भी है। उन्होंने कहा कि कुंभ एकता का महाकुंभ भी है। श्री मोदी ने लोगों से महाकुंभ में भाग लेकर एकता के संकल्प को मजबूत करने का अनुरोध किया।

महाकुंभ का संदेश, एक हो पूरा देश का नारा देते हुए उन्होंने गंगा के निर्बाध प्रवाह की तरह अविभाजित समाज की उम्मीद भी व्यक्त की। श्री मोदी ने इस बार की महाकुंभ में ए आई चैट बोर्ड की भूमिका के विषय में भी बताया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि कुंभ मेले का पूरा क्षेत्र ए आई संचालित कैमरे से लेस किया जा रहा है। श्रद्धालुओं को डिजिटल माध्यम से खोया और पाया केन्द्र की सुविधा भी मिलेगी।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री ने इस बात पर संतोष व्यक्त किया कि विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट के अनुसार वर्ष दो हजार पन्द्रह से दो हजार तेईस के दौरान भारत में मलेरिया के मामलों और इसके कारण हुई मौतों में अस्सी प्रतिशत तक की कमी आई है।

<><><><><><><>

धनलक्ष्मी महिला मत्स्य सहकारी समिति लिमिटेड और स्वास्तिक मछुआरा सहकारी समिति के कार्यालय–सह–खुदरा मछली दुकानों का उदघाटन हाल ही में दानिक्स एस राजू ने किया। मछुआरा महिला समुदायों के बीच उद्यमिता के विकास और द्वीपसमूह में समुद्री खाद्य के मूल्य संवर्धन और विपणन को बढ़ावा देने के लिए फीनिक्स बे स्थित सहकारी सब्जी बाजार परिसर में कमरे आवंटित किए गए हैं। इस अवसर पर अपने संबोधन में मत्स्य निदेशक ने मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय के विकास प्रस्तावों और भारत सरकार के सहकारिता मंत्रालय की "सहकार से समृद्धि योजना" के संदर्भ में मत्स्य क्षेत्र में सहकारी समितियों की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने सहकारी समिति के सदस्यों को अपनी स्वयं की स्थापना शुरू करने के लिए बधाई दी। उन्होंने समिति को समुद्री खाद्य से नए व्यंजनों की खोज करने और नवीन पैकेजिंग प्रौद्योगिकियों के साथ उत्पादों की ब्रांडिंग विकसित करने की सलाह दी। इस नई खोली गई दुकानों में प्रसंस्कृत झींगा, स्क्विड, कटलफिश और लॉबस्टर जैसे मत्स्य उत्पादों की खुदरा बिक्री की सुविधा

होगी। इसके अलावा, समिति सब्सिडी वाली सामग्री में इंसुलेटेड आइस बॉक्स और अन्य मछली पकड़ने की सामग्री भी उपलब्ध कराएगी। खुदरा दुकान में मछुआरा समुदाय के लिए मत्स्य विभाग से संबंधित विभिन्न ऑनलाइन आवेदन भरने और सरकार तथा द्वीप प्रशासन की विभिन्न वित्तीय सहायता योजनाओं में नामांकन करने में उनकी सहायता के लिए ई–सेवा केन्द्र के लिए अलग कार्यालय की भी व्यवस्था की गई है। यह महिला सहकारी समितियों की अपनी तरह की एक नई पहल होगी, जिसमें मछली पकड़ने के बाद की प्रबंधन और विपणन प्रक्रिया को शामिल किया गया है। इस अवसर पर सहकारी समिति के सदस्यों ने कहा कि वे पी एम एम एस वाई के तहत वित्तीय सहायता प्राप्त करके एक छोटी मछली मूल्य संवर्धन इकाई, सीफूड रेस्तरां, कियोस्क और मत्स्य सेवा केंद्र स्थापित करने की संभावना तलाशेंगे। कार्यक्रम में मत्स्य विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. के गोपाल, उप निदेशक वी शीजा, एन एफ डी बी के सदस्य एस यू महेश्वर राव के अलावा अन्य संगठनों और समिति के सदस्यों ने भाग लिया।

<><><><><><><>

यातायात पुलिस ने गैराज मालिकों को सड़क किनारे खड़े वाहनों को हटाने और सड़क किनारे भीड़–भाड़ कम करने के निर्देश दिए है। उप पुलिस अधीक्षक यातायात अजय कुमार राय की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने और उसे बेहतर बनाने के लिए गैराज मालिकों के साथ एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें सड़क किनारे खड़े वाहनों के कारण लोगों को होने वाली परेशानी पर चर्चा की गई। बैठक में सभी गैराज मालिकों को उप–पुलिस अधीक्षक ने एक महीने के भीतर सड़क किनारे खड़े वाहनों को हटाने का निर्देश दिया, जो वाहन लंबे समय तक खड़े रहते हैं, उन्हें कबाड़ में डालने को कहा। इसके अलावा उन्होंने सभी वाहनों की मरम्मत, रख–रखाव और मरम्मत का काम सार्वजनिक सड़कों के बजाय गैराज की सीमा के भीतर करने का निर्देश दिया। गैराज मालिकों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वाहन की पहचान बदलने वाली किसी भी बड़ी मरम्मत को शुरू करने से पहले वाहन के पंजीकरण प्रमाणपत्र का सत्यापन किया जाए। वाहनों में अनाधिकृत संशोधनों पर प्रतिबंध है। गैराज मालिकों को मरम्मत या संशोधन के लिए लाए गए, किसी भी संदिग्ध चोरी के वाहन की तुरंत रिपोर्ट करना आवश्यक है। यातायात पुलिस ने कहा है कि निर्देशों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

<><><><><><><>